दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 359 | देहरादून, शनिवार 28 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति




पेज-04

## जमरानी और सौंग बांध परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के सीएम ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना और सौंग बांध पेयजल परियोजना के कार्यों में और तेजी लाई जाए।

उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के तहत होने वाले कार्यों को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए। जमरानी बांध परियोजना के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य जून 2029 तक रखा गया है, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इसे दिसम्बर 2028 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। सौंग बांध परियोजना को भी निर्धारित अवधि मार्च 2030 से पहले पूर्ण करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजनाः लगभग रू. 3808 करोड़ लागत की इस योजना के तहत 150.6 मी. ऊंचे बांध का निर्माण, 42.92 किमी लम्बी नहर का पुनर्निर्माण एवं 21.25 किमी लंबी नई नहर का निर्माण कार्य किया जाना है। इस परियोजना के तहत हल्द्वानी शहर एवं उसके समीपवर्ती क्षेत्रों की भविष्य की लगभग 10.50 लाख आबादी के लिए 117 एम.एल.डी. पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। इस परियोजना में बनने वाली 09 किमी. लम्बी झील से एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित होगा तथा लगभग 57 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता का सृजन होगा। सौंग बांध पेयजल परियोजनाः लगभग रू. 2492 करोड़ लागत की इस योजना के तहत 130.60 मी. ऊंचे बांध का निर्माण एवं 1.5 मी. व्यास की 14.70 किमी. लम्बी जल वहन प्रणाली का निर्माण किया जाएगा।




मुख्यमंत्री बैठक लेते हुए।

### मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को दिसम्बर 2028 तक पूर्ण करने के दिये हैं निर्देश

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## न्यूज डायरी

### सीएम धामी पहुंचे एम्स ऋषिकेश, रुद्रप्रयाग बस दुर्घटना में घायल यात्रियों का हाल-चाल जाना



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को एम्स, ऋषिकेश पहुंचकर जनपद रुद्रप्रयाग में हुई बस दुर्घटना में घायल यात्रियों का हालचाल जाना और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों का समुचित और त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने घायलों एवं उनके परिजनों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है।

### अब तक का सबसे बड़ा प्रोडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया

**देहरादून।** भारत के इलेक्ट्रिकल और ऑटोमेशन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉरिट्ज नुडसेन इलेक्ट्रिकल एंड ऑटोमेशन ने आज अपने इतिहास का सबसे बड़ा प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो लॉन्च किया। यह कदम भारत के प्रमुख औद्योगिक क्लस्टर्स और विकास गलियारों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के तहत कंपनी देश के 30 औद्योगिक शहरों में जाकर स्थानीय नेतृत्व, हितधारकों और सहयोगियों से संवाद करेगी। कम वोल्टेज समाधानों, औद्योगिक ऑटोमेशन और नई ऊर्जा आवश्यकताओं पर गहरे फोकस के साथ, लॉरिट्ज नुडसेन एक तकनीक–आधारित बदलाव को आगे बढ़ा रहा है, जो भारत के प्रमुख और महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरों तक पहुंचता है।

## पूर्व काबीना मंत्री डॉ. हरक सिंह पहुंचे ईडी कार्यालय



**देहरादून।** पूर्व काबीना मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत शुक्रवार को एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट के देहरादून स्थित कार्यालय पहुंचे। हरक सिंह रावत को पूर्व में ईडी ने अपने कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था, लेकिन अपने निजी कारण के कारण उन्होंने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के सामने प्रस्तुत होने में असमर्थता जताई थी। ऐसे में एजेंसी ने उन्हें अगली तारीख दी थी, जिस पर अब वह अधिकारियों के सम्मुख प्रस्तुत हुए। हरक सिंह रावत से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हुए अवैध निर्माण और पेड़ कटान मामले पर पिछले लंबे समय से पूछताछ की जा रही है। पहले भी वह केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हो चुके हैं और अब एक बार फिर उन्हें विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी के लिए बुलाया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि अधिकतर मामलों में हरक सिंह रावत से पूछताछ हो चुकी है। हालांकि कुछ बिंदुओं पर दिए गए बयानों के आधार पर दस्तावेज प्रस्तुत करने बाकी थे, जिसके लिए हरक सिंह रावत केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में पहुंचकर बयानों से जुड़े कागजात प्रस्तुत करेंगे। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में हुए अवैध निर्माण और पेड़ कटान मामले के दौरान हरक सिंह रावत सरकार में वन मंत्री थे और उस दौरान उनके आदेश पर विभिन्न कार्यों को किए जाने के आरोप लगे थे।

## कुमाऊं में डकैती, लूट, अपहरण, बलात्कार सहित गंभीर अपराधों में भारी बढ़ोत्तरी

### 5 माह में 2362 अपराध दर्ज, जबकि 2024 में हुये थे 2176 अपराध

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कुमाऊं में दर्ज भारतीय दण्ड संहिता, बी.एन.एस. के अपराधों में 2024 की अपेक्षा भारी बढ़ोत्तरी हुई है। जहां वर्ष 2024 में 2176 अपराध दर्ज हुये थे वहीं 2025 में 2362 अपराध दर्ज हुये हैं। डकैती, लूट, अपहरण, बलात्कार सहित गंभीर अपराधों में पिछले वर्षों की अपेक्षा बढ़ोत्तरी हुई है।

दर्ज मामलों के 48 प्रतिशत कार्यवाही तथा 1840 अभियुक्त गिरफ्तारी को शेष है। सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊं क्षेत्र, नैनीताल के लोक सूचना अधिकारी से दर्ज अपराधों व उन पर कार्यवाही के विवरणों की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी प्रधान लिपिक द्वारा अपने पत्रांक 3407 के साथ सम्बन्धित विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी है।

नदीम को उपलब्ध 01 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 तक 5 माह के भादवि (आई.पी.एस.ब्बी.एन.एस.) में वास्तविक मामलों के अनावरणधगिरफतारीध्बरामदगी विवरण के अनुसार 2025 में 5 माह की अवधि में कुल 2362 अपराध पंजीकृत हुये हैं जबकि 2024 में इस अवधि में 2176 अपराध ही दर्ज हुये थे। डकैती के 5, लूट के 19, वाहन लूट– शून्य, स्नेचिंग 7, गृहभेदन (कूमल आदि लगाना) 65, वाहन चोरी 167, चोरी 90, हत्या 27, बलवा 135, फिरौती हेतु अपहरण 2, हत्या हेतु अपहरण– शून्य, महिला अपहरण 53, अन्य अपहरण 5, दहेज हत्या 7, बलात्कार 170, अन्य आई.पी.सी. अपराध 1610 दर्ज हुये है। जबकि वर्ष 2024 में इस अवधि में डकैती के 3, लूट के 10, वाहन लूट 3, स्नेचिंग 2, गृहभेदन 67, वाहन चोरी 180, चोरी 146, हत्या 23, बलवा 103, फिरौती हेतु अपहरण–शून्य, हत्या हेतु अपहरण 2, महिला अपहरण 34, अन्य अपहरण 3, दहेज हत्या 6, बलात्कार 142 तथा अन्य आई.पी.सी. अपराध 1452 दर्ज हुये थे।

जनवरी से मई तक माह की अवधि में कुमाऊं में दर्ज अपराधों में जहां डकैती, लूट, स्नैचिंग, हत्या बलवा, फिरौती हेतु अपहरण, महिला अपहरण, अन्य अपहरण, दहेज हत्या, बलात्कार तथा अन्य आई.पी.सी. अपराधों में बढ़ोत्तरी हुई हैं वहीं वाहन लूट, गृहभेदन, वाहन चोरी, चोरी, हत्या हेतु अपहरण के दर्ज अपराधों में वर्ष 2024 की इस अवधि की अपेक्षा कमी हुई है। नदीम को उपलब्ध विवरण के अनुसार कुल 2362 दर्ज अपराधों में 33 को खारिज कर दिया गया है। शेष 2369 अपराधों में से 1876 का अनावरण कर दिया गया है। इसमें केवल 573 मामलों में अभियुक्त को दोषी मानते हुये चार्जशीट लगाकर न्यायालय में मुकदमें की कार्यवाही को प्रेषित की गयी जबकि 187 मामलों को फाइनल रिपोर्ट लगाकर बंद कर दिया गया तथा 1569 मामलों में अभी विवेचना जारी है।

# संपादकीय

## भारत सेवा प्रधान देश : आचार्य विद्यानंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आचार्य विद्यानंद जी महाराज की शताब्दी समारोह में धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस दौरान मोदी ने आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके शताब्दी समारोह के दौरान डाक टिकट और सिक्के जारी किए। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम सब भारत की अध्यात्म परंपरा के एक महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी बन रहे हैं। पूज्य आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, उनकी जन्म शताब्दी का ये पून्य पर्व... उनकी अमर प्रेरणाओं से ओत–प्रोत यह कार्यक्रम एक अभूतपूर्व प्रेरक वातावरण का निर्माण हम सबको प्रेरित कर रहा है। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। मुझे आने का अवसर देने के लिए आप सब का आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि आज का ये दिन एक और वजह से बहुत विशेष है। 28 जून यानी, 1987 में आज की तारीख पर ही आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज को आचार्य पद की उपाधि प्राप्त हुई थी। ये सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन परंपरा को विचार, संयम और करूणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा प्रवाहित हुई। आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं तब ये तारीख हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाती है। इस अवसर पर आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज की चरणों में नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज इस अवसर पर आपने मुझे श्धर्म चक्रवर्तीश की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता हूं। लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रता पूर्वक स्वीकार करता हूं और मैं भारती के चरणों में अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि... हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है। और इस दर्शन के स्रोत हैं– हमारे ऋषि–मुनि, महर्षि, संत और आचार्य। आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, भारत के इसी परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। मोदी ने कहा कि आचार्य विद्यानंद जी महाराज कहते थे कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब जीवन स्वयं ही सेवामय बन जाए। उनका ये विचार जैन दर्शन की मूल भावना से जुड़ा हुआ है, ये विचार... भारत की चेतना से जुड़ा हुआ है।

# सरकारी भूमि में अतिक्रमण न हो इसके लिए मजबूत मैकेनिज्म बनाया जाएः मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि सरकारी भूमि में अतिक्रमण न हो इसके लिए मजबूत मैकेनिज्म बनाया जाय। सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण रोकने और अवैध बिक्री को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाने की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटाए जाने की कार्ययोजना बनाए जाने के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इसके अनुपालन के लिए जनपद स्तर पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाय। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सिंचाई, लोक निर्माण, वन विभाग, राजस्व विभाग की टीम बनाकर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाए जाय। उन्होंने राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों को देखने के लिए शासन स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के निर्देश प्रमुख

### गंगा सहित अन्य नदियों किनारे अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाएं

सचिव को दिए। उन्होंने हरिद्वार में गंगा किनारे, रुद्रपुर में कल्याणी नदी किनारे और नैनीताल जिले में कोसी आदि नदियों के किनारों पर भी अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि को कब्जाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने और कूट रचना कर जमीनों के फर्जी दस्तावेज बनाए जाने के मामलों पर भी प्रभावी रोक लगाने के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने एडीजी श्री ए.पी.अंशुमान को बाहरी लोगों के सत्यापन के लिए नियम और कड़े किए जाने की अपेक्षा जताई। एडीजी ने उन्हें अवगत कराया कि सत्यापन के लिए 18 बिंदुओं पर आख्या मांगी जा रही है,जिसका डेटा राज्य स्तर पर भी संकलित किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव एस एन पांडेय, एडीजी ए.पी. अंशुमान, विशेष सचिव डा. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

# एक देश के प्रधानमंत्री का फोन कॉल लीक-तख्ता पलट की आशंका-सियासी घमासान- गठबंधन टूटा



### 'वड्डा सडावण,वड्डा दुख पावण'- जितने बड़े पद प्रतिष्ठा जिम्मेदारी या ओहदे में रहेंगे,उतने ही बड़े कष्ट, जिम्मेदारियाँ और दुख भी सहने पड़ेंगे

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश की प्रौद्योगिकी ने इतनी उन्नति कर ली है,कि अब हूबहू कृत्रिम मानव एआई कार्यबल, दिमाग, इतना ही नहीं हम अपने दिमाग में क्या सोच रहे हैं वह भी मशीन द्वारा बता दिया जाएगा जैसे मानव जीवन में नई चुनौतियों को उदय कर दिया है मैं एडवोकेट किशनसनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि हम प्रौद्योगिकी जीवन की जितनी सुख सुविधाओं का उपयोग करेंगे, तो हमें उससे होने वाले अनेकों हानियों को भी सहने के लिए तैयार रहना चाहिए हम प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में हमेशा पढ़ते रहते हैं इतने लोग लिफ्ट में फंसे, इतनें उस हादसे में मृत्यु हुए घायल हुए, सबसे दुखद अभी सटीक उदाहरण 12 जून 2025 प्लेन क्रैश है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आज मंत्री से लेकर संत्री तक यानी टॉप से लेकर बॉटम तक बैठे व्यक्तियों द्वारा फोन का उपयोग किया जाता है, हालांकि यह दशकों से हो रहा है परंतु इसकी प्रौद्योगिकी इतनी उन्नत हो गई है कि आज हर कॉल टेप हो रहा है,जो मुसीबत की जड़ बन सकता है। ऐसा ही काम थाईलैंड की युवा 38 वर्षीय प्रधानमंत्री पैटोंगटारन शिनावात्रा के साथ हुआ है, उन्होंने अपने पड़ोसी मुल्क कंबोडिया के पूर्व पीएम और सांसद के साथ अभी हाल ही मई में माह में हुए थाईलैंड कंबोडिया सीमा पर कुछ विवाद के संबंध में कुछ दिन पूर्व 17 मिनट की फोन पर बातचीत की व पारिवारिक संबंधों के कारण अंकल कहकर संबोधन किया और फिर वह कॉल लीक हो गया, जिससे ऐसा सियासी धामासान हुआ कि गठबंधन टूट गया, सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गए, व तख्ता पलट की आशंकाएं उत्पन्न हो गई है, जिससे थाई प्रधानमंत्री को 19 जून 2025 को माफी मांगनी पड़ी है। इसलिए ही मेरा मानना है कि पंजाबी भाषा में एक मशहूर कहावत है, ष्वड्डा सडावण,वड्डा दुख पावणष् जितने बड़े पद प्रतिष्ठा जिम्मेदारी या ओहदे में रहेंगे,उतने ही बड़े कष्ट, जिम्मेदारियाँ और दुख भी सहने पड़ेंगे, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, एक देश के प्रधानमंत्री का फोन कॉल लीक,तख्ता पलट की आशंका, सियासी घमासान,गठबंधन टूटा, सड़कों परजोरदार प्रदर्शन,माफी मांगी।

साथियों बात अगर हम थाईलैंड की पीएम व कंबोडिया के पूर्व पीएम की फोन पर 17 मिनट की बातचीत की करें तो, दुनियाँ के कई पड़ोसी देशों में बॉर्डर पर झड़प होती रहती है,ऐसे माहौल में दोनों देशों की सेनाएं आमने सामने होती हैं, मरने मारने की नौबत आती है, हालांकि एक देश के पीएम ने ऐसे समय में पड़ोसी देश के नेता को फोन मिलाकर जो बातें कहीं, उसने सरकार की कुर्सी हिला दी हैं,अब 10 महीने पुरानी इस सरकार के सहयोगी ने गठबंधन का साथ छोड़ दिया है, जनता और सेना में भारी गुस्सा देखा जा रहा है, पीएम को माफी मांगनी पड़ी है और वह झट से सैनिकों के बीच पहुंच गई हैं,ये मामला थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटारन शिनावात्रा से जुड़ा हैं।एक फोन कॉल से सरकार गिर सकती है, खासकर उस समय जब देश के प्रधान मंत्री ने फोन कॉल पर क्या सिक्रेट बात की थी, उसकी रिकॉर्डिंग लीक हो जाए, ऐसा थाइलैंड में होता दिख रहा है जहां की प्रधान मंत्री पैटोंगटारन शिनावात्रा पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ रहा है, कंबोडिया से बढ़ते सीमा विवाद को लेकर कंबोडिया के शक्तिशाली पूर्व नेता के साथ हुई पैटोंगटार्न की 17 मिनट की कॉल रिकॉर्डिंग लीक हो गई है।कॉल पर ऐसी क्या बात हो गई?थाइलैंड और कंबोडिया के बीच विवादित सीमा को लेकर कई सप्ताह से कलह जारी है, 15 जून को पीएम पैटोंगटारन शिनावात्रा ने हुन सेन के साथ बात की थी जिन्हें वह ष्चाचाष् कहती थी,अपनी कॉल में पैटोंगटारन न केवल अनुभवी कंबोडियन राजनेता के सामने झुकती हुई दिखाई दीं, बल्कि एक वरिष्ठ थाई सैन्य कमांडर की संभावितआलोचना भी करती सुनी गईं, उनके इस फोन कॉल को उनके आलोचकों और सहयोगियों, दोनों ने समान रूप से खतरे की रेखा के रूप में देखा उन्होंने रिपोर्टरों से कहा,ष्यह मेरे प्राइवेट फोन से एक प्राइवेट कॉल थी.ष्सरकार गिरने के करीब पैटोंगटारन ने माफी तब मांगी है। जब एक दिन पहले संसद के निचले सदन में तीसरी सबसे बड़ी कंजर्वेटिव भूमजैथाई पार्टी ने कॉल के ऑडियो का हवाला देते हुए सत्तारूढ़गठबंधन से हाथ खींच लिया था, पैटोंग टारन की फ्यू थाई पार्टी के पास अब थाईलैंड की 500 सदस्यीय संसद में केवल 255 एक संकीर्ण बहुमत है, और कुछ अन्य गठबंधन सहयोगियों के बाहर निकलने से सरकार आसानी से गिर सकती है।बातचीत के लीक होते ही राजधानी बैंकॉक में सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए, विपक्ष ने पार्लियामेंट भंग करने और नए चुनाव की मांग कर दी है। लीक कॉल में पेटोंगटार्न ने हुन सेन को अंकल कहकर संबोधित किया, हालांकि यह व्यक्तिगत विनम्रता हो सकती थी, लेकिन थाई जनता और राष्ट्रवादी संगठनों ने इसे राष्ट्रीय गरिमा के खिलाफ माना, इससे भी बड़ी बात यह थी कि उन्होंने थाई सेना के एक अधिकारी को विरोधी कहा, जो उस बॉर्डर जोन की कमान संभाल रहा था जहां झड़प हुई थी,थाई सेना, जो देश की राजनीति में ऐतिहासिक प्रभाव रखती है, इस टिप्पणी से बुरी तरह आहत हुई, इसी बयान ने सैन्य असंतोष और तख्तापलट की आशंका को हवा दी है, बता दें कंबोडियाई नेता हुन सेन ने इस कॉल को न केवल 80 कंबोडियाई अधिकारियों के साथ साझा किया, बल्कि इसे फेसबुक पर सार्वजनिक भी कर दिया, उनका यह कदम दोनों देशों के कूटनीतिक संबंधों में तनाव का कारण बन गया। पेटोंगटार्न की सरकार को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब भूमजयथाई पार्टी, जो गठबंधन में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी थी, उन्होंने सरकार से समर्थन वापस ले लिया,इससे संसद में बहुमत घट गया है और अब सरकार गिरने की नौबत आ चुकी है, विपक्षी नेता नट्टाफोंग रुएंगपन्यावुट ने संसद भंग करने की मांग की है,उनकी दलील है कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान को चलेगा विशेष अभियान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन 1905 में 180 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

06 माह से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अनावश्यक रूप से जन शिकायतें फोर्स क्लोज न किये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन को राज्य की बेस्ट प्रैक्टिस में लाने के लिए और प्रभावी प्रयास किए जाएं। गुरुवार को सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन 1905 के समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक दिन पूरे राज्य में तहसील दिवस का आयोजन किया जाए। मुख्यमंत्री तहसील दिवस के दिन किसी एक जनपद में औचक रूप से प्रतिभाग करेंगे। इसी तरह एक दिन पूरे राज्य में थाना दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए जनता दर्शन, तहसील दिवस और बीडीसी का नियमित आयोजन किया जाए। पुलिस और प्रशासन द्वारा मिलकर अतिक्रमण और वेरिफिकेशन अभियान और प्रभावी रूप से चलाए जाएं। प्रत्येक जनपद में दो-दो गांवों को आदर्श ग्राम बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं, इसके लिए सभी जनपदों में शीघ्र नोडल अधिकारी बनाए जाएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां भी बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर की स्थिति खराब है, उन्हें शीघ्र बदला जाए। सभी ट्रांसफार्मरों का सेफ्टी ऑडिट भी किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं कम वोल्टेज और बिजली के तार लटकने की समस्या न आए, ऐसे प्रकरण पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी प्राधिकरणों से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लोगों के घरों के नक्शे पास करने में पेंडेंसी न हो। उन्होंने कहा कि सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को सम्मानित किया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों के निस्तारण में अच्छा कार्य करने पर मुख्यमंत्री ने परिवहन, कृषि, समाज कल्याण, आबकारी एवं ऊर्जा विभाग की सराहना की। लोक निर्माण विभाग, भू-विज्ञान और खनन, राजस्व, गृह एवं वित्त विभाग को शिकायतों के निवारण में और तेजी लाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए। सीएम हेल्पलाइन में पेयजल, स्ट्रीट लाइट के रख-रखाव, जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन, बिजली कटौती और बिजली के बिल से संबंधित शिकायतें अधिक आ रही हैं।



सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते सीएम।

### मुख्यमंत्री जनपदों में आयोजित होने वाले तहसील एवं थाना दिवस के दौरान किसी एक जनपद में औचक रूप से होंगे शामिल

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से बात भी की। उत्तरकाशी के उपेन्द्र सिंह रावत की पेयजल लाइन की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी उत्तरकाशी को एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्या का समाधान करवाने के निर्देश दिए। हरिद्वार से आलम ने स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत की थी, उनकी समस्या का समाधान हो चुका है। देहरादून के हृदेश नेगी ने कहा कि उनकी पुलिया के निर्माण संबंधी शिकायत पर कार्य शुरू हो चुका है। चमोली के गौरव नौटियाल की पेयजल संबंधी शिकायत का भी समाधान हो चुका है। बैठक में उत्तराखंड अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, डीजीपी दीपम सेठ, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# दिल रहेगा दुरुस्त, जब रोज की डाइट में होंगे ये 4 सुपरफूड्स

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों जैसे दिल की बीमारी और हाई ब्लड प्रेशर से बचाव के लिए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए संतुलित खानपान अहम भूमिका निभाता है। रोजमर्रा की डाइट में बादाम, ओट्स, साबुत अनाज, फल और सब्जियां शामिल कर कोलेस्ट्रॉल को काबू में रखा जा सकता है। इसके साथ ही नियमित व्यायाम भी जरूरी है। इस लेख में जानिए चार ऐसे खास फूड्स, जिन्हें डाइट में शामिल कर आप कोलेस्ट्रॉल को स्वस्थ स्तर पर बनाए रख सकते हैं।

बादामरू बादाम पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, कैल्शियम और जिंक समेत 15 जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। रोजाना बादाम खाने से टोटल कोलेस्ट्रॉल और एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही, ये शरीर में सूजन को घटाते हैं, जो दिल की बीमारी का बड़ा कारण बन सकती है। एक मुट्ठी बादाम न केवल एचडीएल यानी गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है, बल्कि पेट की चर्बी और कमर की चौड़ाई घटाने में भी मददगार है। आप बादाम को सलाद, मिठाइयों या स्मूदी में मिलाकर डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। साबुत अनाज और ओट्सरू साबुत अनाज को अपनी डाइट में शामिल करने से ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है, दिल की बीमारियों का खतरा घटता है।

# डीएम के निर्देशन में भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी पर एक्शन जारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए लगातार अभियान जारी है। जिला प्रशासन की टीम ने पिछले दो दिनों में पेट्रोलिंग के दौरान पटेल नगर, राजा रोड, आईएसबीटी, तहसील चौक और डोईवाला से भिक्षावृत्ति में लिप्त 06 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसमें 05 बालक और 01 बालिका शामिल है। प्रशासन की टीम अब तक 265 से अधिक बच्चों को भिक्षावृत्ति, कूडा बीनने और बाल मजदूरी से रेस्क्यू कर चुकी है।



रेस्क्यू किए गए बच्चे।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने शुरू से ही भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी पर रोक लगाने हेतु निरंतर सख्त निर्णय लिए है। जिसके तहत प्रमुख चौक चौराहों पर होमगार्ड की तैनाती और डेडिकेटेड वाहन के साथ सक्रिय सचल टीमें शहर में निरंतर पेट्रोलिंग कर रही है। जिलाधिकारी के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति और प्रोबेशन टीम द्वारा भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू किया जा रहा है। रेस्क्यू किए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाता है और फिर उन्हें आश्रय और शिक्षा प्रदान कर पुनर्वासित किया जाता है। जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट ने बताया कि 25 जून को पटेल नगर, राजा रोड, आईएसबीटी और तहसील चौक में पेट्रोलिंग के दौरान भिक्षावृत्ति में लिप्त 01 बालिका और 04 बालकों को रेस्क्यू किया गया। वहीं 26 जून को डोईवाला क्षेत्र में भिक्षावृत्ति व कूडा बीनने में लिप्त 01 बालक को रेस्क्यू किया गया। बच्चों का जीडी व मेडिकल करवा कर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनमें से 02 बालक व 01 बालिका को राजकीय शिशु सदन और 03 बालकों को समर्पण (खुला आश्रय) में रखवाया गया है। जिला प्रशासन बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे बच्चों को रेस्क्यू कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहा है। भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर निर्धारित प्रक्रिया अपनाते हुए आधुनिक इंटेंसिव केयर सेन्टर में मांइड रिफार्म हेतु रखा जाता है।

# रुद्रप्रयाग जिले में बंद हो सकते हैं 50 से अधिक स्कूल, मंडरा रहा ये बड़ा खतरा

**रुद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद में निजी विद्यालयों की मनमानी से छात्र एवं अभिभावक काफी त्रस्त हैं। शासनादेश के बाबजूद ये निजी विद्यालय छात्रों से अधिक फीस वसूलने के साथ ही मंहगी किताबें एवं स्टेशनरी खरीदने को मजबूर करते हैं।

इनमें से कई स्कूल तो मानक भी पूरे नहीं करते, फिर भी ये स्कूल धड़ल्ले से न केवल चल रहे हैं, बल्कि इनमें निरन्तर छात्र संख्या भी बढ़ती जा रही है। वहीं, इनके सापेक्ष सरकारी विद्यालयों में निरन्तर छात्र संख्या घट रही है, लेकिन अब इन

### निजी विद्यालयों की मनमानी से छात्र एवं अभिभावक त्रस्त

विद्यालयों पर शिक्षा विभाग कड़ी कार्यवाही करने जा रहा है।

उत्तराखण्ड में वित्त पोषित विद्यालयों में जूनियर (कक्षा 6 से 8) और माध्यमिक (कक्षा 9 से 10) स्तर के लिए शुल्क संरचना राज्य सरकार के निर्धारित की है। शासनादेश संख्या 380 एक्सएक्सआईवी-3द्2005 में निर्धारित शुल्क जो कि कक्षा 6 से 8 के लिए ट्यूशन फीस शून्य निर्धारित है, जबकि कक्षा 9 से 10 के लिए यह 15 रुपये प्रति माह है को फिर से लागू किया गया है। अन्य शुल्क भी न्यूनतम रखे गए हैं। जिससे छात्रों पर आर्थिक बोझ न पड़े, लेकिन निजी विद्यालय इस शासनादेश को धत्ता बताते हुए अपनी मनमर्जी की फीस वसूलने पर लगे हैं।

इनमें से कई विद्यालयों में तो मानक भी पूरे नहीं हैं। अपने राजनैतिक सम्पर्कों के कारण इन विद्यालयों पर कार्यवाही करने से हर कोई कतराता रहा है, लेकिन अब ऐसे विद्यालयों पर शिक्षा विभाग अपनी नजर टेढ़ी करने जा रहा है। जानकारी मिली है कि मानक पूरे न होने पर 50 से अधिक स्कूलों को नोटिस जारी किए गये हैं। साथ ही विभाग ने इनसे पेनाल्टी भी वसूलने की तैयारी की है। इन नोटिसों से पूरे जनपद में हड़कंप मचा है। ऐसे में इन स्कूलों पर बंद होने का खतरा मंडराने लगा है।

अगस्त्यमुनि के खण्ड शिक्षा अधिकारी अतुल सेमवाल ने बताया कतिपय विद्यालयों में विभिन्न शुल्क के नाम पर छात्रों से अनावश्यक पैंसा लिया जाता है, जो कि नियम विरूद्ध है। शासनादेश में स्पष्ट है कि प्रवेश शुल्क केवल प्रवेश के समय लिया जाना चाहिए, पुनः प्रवेश पर अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जा सकता। कोई भी विद्यालय कॉशन मनी नहीं ले सकता। यदि लिया गया है, तो उसे वापस करना होगा। इन विद्यालयों में तीन वर्षों में एक बार, अधिकतम 10 प्रतिशत तक ही फीस बढ़ा सकते हैं। कोई भी समिति, न्यास, कंपनी या विद्यालय छात्रों के प्रवेश के लिए अतिरिक्त शुल्क या चंदा नहीं ले सकता। किताबें और स्टेशनरी विद्यालय छात्रों को महंगी किताबें या स्टेशनरी खरीदने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। यदि छात्र के पास पुरानी किताबें हैं, तो उन्हें नई किताबें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

# नेशनल गवर्नेंस टूर के अंतर्गत छात्र संसद इंडिया का पुलिस मुख्यालय देहरादून में विशेष संवाद

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों आईआईटी, आईआईएम, एनएलयू व केंद्रीय विश्वविद्यालयों से आए 50 छात्र–छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने छात्र संसद इंडिया के राष्ट्रीय गवर्नेंस टूर के अंतर्गत पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ से सरदार पटेल भवन में भेंट की। इस अवसर पर एक ओपन हाउस संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें ष्कानून प्रवर्तन और सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से जन सुरक्षा को सुदृढ़ करनेष पर विस्तृत चर्चा हुई।

उक्त सत्र का उद्देश्य देश के भावी नेतृत्वकर्ताओं को पुलिस एवं प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली, समकालीन सुरक्षा चुनौतियों एवं तकनीकी नवाचारों से प्रत्यक्ष परिचित कराना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सतर्कता रचिता जुयाल द्वारा एक संक्षिप्त एवं प्रभावशाली प्रेजेंटेशन के माध्यम से उत्तराखंड पुलिस की




डीजीपी बैठक लेते हुए।

कार्यप्रणाली, संगठनात्मक संरचना, मिशन, विजन एवं प्रमुख अभियानों की जानकारी छात्रों को दी गई, जिसे सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत सराहनीय बताया। इसके पश्चात साइबर सेल, अंकुश मिश्रा ने एक अत्यंत जानकारीपूर्ण सत्र में साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियों, डार्क वेब, फिशिंग, डिजिटल फ्रॉड, तथा उत्तराखंड पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु किए जा रहे नवाचारों एवं तकनीकी सशक्तीकरण पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पुलिस द्वारा संचालित साइबर हेल्पलाइन, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं स्कूल–कॉलेज स्तर पर साइबर जागरूकता अभियानों की भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल के छात्रों ने बेहद उत्साहपूर्वक विभिन्न विषयों पर प्रश्न किए, जिनका उत्तर डीजीपी महोदय, एवं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा विस्तार से दिया गया। यह संवाद अत्यंत जीवंत एवं विचारोत्तेजक रहा। छात्रों की जिज्ञासा और समझने की इच्छा ने वातावरण को और अधिक उद्देश्यपूर्ण बना दिया। प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड पुलिस की पारदर्शी, तकनीक–संपन्न, जनसहभागिता आधारित कार्यप्रणाली की प्रशंसा की और विशेष रूप से यह सराहा कि उत्तराखंड जैसे चुनौतीपूर्ण भूगोल वाले राज्य में पुलिस जनमानस की सुरक्षा, सेवा और विश्वास अर्जित करने हेतु सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा युवाओं को शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष जुड़कर न केवल सीखने का, बल्कि समाज में सार्थक योगदान देने की दिशा में सोचने का अवसर प्राप्त होता है। उत्तराखंड पुलिस युवाओं के साथ संवाद एवं सहभागिता को भविष्य की सुरक्षित और सशक्त व्यवस्था की नींव मानती है।

## सेव अर्थ मिशन ने भारत में 'ग्लोबल विजन अनवीलिंग' कार्यक्रम की घोषणा की

**देहरादून।** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर, सेव अर्थ मिशन ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। संगठन ने अपने सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम दृ सेव अर्थ मिशन ग्लोबल विजन अनवीलिंग दृ की आधिकारिक घोषणा की है। यह आयोजन सेव अर्थ मिशन की वैश्विक रणनीति की शुरुआत को चिन्हित करेगा, जिसका उद्देश्य है वर्ष 2040 तक 30 अरब पेड़ लगाना और पृथ्वी को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाना। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6 बजे आईएसटी पर, प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब, अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। यह केवल भारत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है। लोगों ने अपनी आवाज उठाई, और अहमदाबाद ने वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बनकर एक नई मिसाल कायम की है।

## आबकारी विभाग ने खंडहर में की छापेमारी, कच्ची शराब और छह ड्रम लहन बरामद

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कच्ची शराब तस्करी के कारोबार पर बड़ी कार्यवाही करते हुए आबकारी विभाग की टीम ने आईडीपीएल के खंण्डर में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 55 लीटर कच्ची शराब, ड्रमों में रखा 100 किलोग्राम लहन बरामद किया गया है।



जानकारी के अनुसार बीती रात आबकारी टीम ऋषिकेश को आईडीपीएल की खंडहर बनी बिल्डिंग के कमरे में कच्ची शराब छिपा कर रखने की सूचना प्राप्त हुई। आबकारी निरीक्षक प्रेरणा बिष्ट ने देर रात ही टीम तैयार कर आईडीपीएल की खंडहर बनी बिल्डिंग में छापेमारी शुरू की। छापेमारी में कच्ची शराब जो 20 प्लास्टिक के पाउच में एवं तीन प्लास्टिक की जरीकेन में तैयार कर भरी हुई कुल 55 लीटर बरामद की गई, साथ ही कमरे के साथ में उगी हुई झाड़ियों के नीचे 6 ड्रम जमीन के नीचे गड़ा कर रखे मिले, जिनमें लगभग 100 किग्रा. लहन तैयार की गई थी। जिसको मौके पर नष्ट किया गया है। इस दौरान पकड़े गए आरोपी का नाम गुरदेव सिंह उर्फ छागां पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम गुमानीवाला ऋषिकेश बताया जा रहा है। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## एसबीआई के सत्तर साल के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

**अल्मोड़ा (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय स्टेट बैंक के सत्तर साल पूरे होने के उपलक्ष्य मे क्षेत्रीय कार्यालय अल्मोड़ा के सौजन्य और राजकीय मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के तकनीकी सहयोग से विशाल स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में शिविर करते हुए।

क्षेत्रीय प्रबंधक कमल छाबड़ा ने बताया एस बी आई के सत्तर साल पूरे होने के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा जनपद मे विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इस क्रम मे आज अल्मोड़ा मेडिकल कालेज की टीम के तकनीकी सहयोग से 102 यूनिट रक्तदान किया गया। मानव संसाधन प्रबंधक अजय कुमार मिश्र ने इस पुनीत कार्य को बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता बताते हुए बैंक के अधिकारियों एवम कार्मिको का आभार प्रकट किया.राजकीय मेडिकल कालेज अल्मोड़ा के रक्त केंद्र के प्रभारी पैथोलॉजिस्ट डॉ आशीष जैन ने बताया कि मेडिकल कालेज का रक्त केंद्र कुमाऊँ मण्डल के पर्वतीय क्षेत्रीय का अकेला रक्त केंद्र है जो मरीजो को कंपोनेंट सुविधा प्रदान कर रहा है, कैंप समन्वक हेम बहुगुणा ने एस बी आई द्वारा आयोजित मेगा डोनेशन कैंप को रक्त केंद्र की स्थापना के बाद सबसे बड़ा रक्तदान शिविर बताया और रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय अल्मोड़ा के उप प्रबंधक संजीव कुमार (संचालन), आशीष त्रिपाठी मुख्य प्रबंधक (व्यवसाय) अनिल कुमार, अभिषेक निराला, नीलम रावत, लैब टेक्नीशियन राजदेव सिंह ने परामर्श, रक्त जाँच एवम डोनेशन मे सहयोग किया।

# कांवड़ मेले को सरल व सुरक्षित संपन्न कराने को इंटरस्टेट समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**हरिद्वार/देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में आगामी कांवड़ मेले को सरल, सुखद व सुरक्षित संपन्न कराने हेतु इंटरस्टेट समन्वय समिति की बैठक सीसीआर सभागार हरिद्वार में संपन्न हुई।

जिसमें उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली तथा राजस्थान के उच्चाधिकारियों द्वारा ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि कांवड़ मेला आस्था एवं श्रद्धा का बहुत बड़ा उत्सव है। उन्होंने कहा कि कांवड़




इंटरस्टेट समन्वय समिति की बैठक लेते मुख्य सचिव।

यात्रा सकुशल एवम् सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य सम्बन्धित विभाग चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सभी राज्यों से रियल टाइम कॉर्डिनेशन व रियल टाइम डाटा साझा किए जाने की बात भी कही। सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक इनपुट्स साझा किए जाएं। मुख्य सचिव ने कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं में आधुनिक तकनीक का ज्यादा से ज्यादा उपयोग किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आगामी कुंभ मेले को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियों को अंजाम दिया जाए ताकि मेले के अनुभव कुंभ में भी काम आएं। मुख्य सचिव ने कहा कि कांवड़ मेले के दौरान कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के लिए चाक चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर भेल पार्किंग का भी उपयोग किए जाने के निर्देश भी जिला प्रशासन को दिए। यात्रा मार्ग पर स्थित ढाबों और होटलों में सुरक्षा मानकों का अनुपालन हो, साथ ही रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए।

डीजीपी दीपम सेठ ने कहा कि हर आयोजन नई चुनौतियां प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आस्था एवं श्रद्धा के इस मेले को सुरक्षात्मक रूप से संपन्न कराने हेतु रियल टाइम सूचनाएं साझा की जाए, किसी भी प्रकार की अफवाह का यूनिफाइड खंडन किया जाए। अपने कार्यों में दक्षता रखने वाले कर्मी ही एक–दूसरे स्टेट भेजे जाएं।

# अपने लक्ष्य को संकीर्ण मत बनाइए, आत्मकेंद्रित मत बनाइए, समाज के लिए, राष्ट्र के लिए लक्ष्य रखिए: उप राष्ट्रपति

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत के उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "अपने लक्ष्य को संकीर्ण मत बनाइए। आत्मकेंद्रित मत बनाइए। समाज, मानवता और राष्ट्र के लिए लक्ष्य रखिए। यदि आप इतिहास में झांकें, हजार वर्षों में हम किन्हें याद करते हैं? केवल उन्हें, जिन्होंने समाज के लिए कार्य किया, समाज के लिए जिया और अपना जीवन समाज को समर्पित किया।"

नैनीताल के शेरवुड कॉलेज की 156वीं स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "आपको यह भावना आत्मसात करनी होगी – राष्ट्र सर्वोपरि। हमें बिना शर्त, पूर्ण राष्ट्रवाद को स्वीकार करना होगा, क्योंकि भारत, जो एक अनूठा राष्ट्र है और जिसकी 5000 वर्षों की सांस्कृतिक विरासत है, यही उसकी न्यूनतम अपेक्षा है।" उन्होंने कहा, "गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उसकी पहुंच और वहन करने की क्षमता किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए मूलभूत हैं, शिक्षा ईश्वर का वरदान है। अगर आपको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलती है, तो आप भाग्यशाली हैं। अगर आपको इस प्रकार की शिक्षा 1.4 अरब की जनसंख्या वाले देश में मिलती है, तो आप सच में विशेषाधिकार प्राप्त हैं। शिक्षा एक महान समतुल्य है। समानता चाहे कानून में हो या अन्यथा, उसे सर्वोत्तम रूप से केवल शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षा असमानता, अन्याय पर कठोर प्रहार करती है, और यही आप जीवन भर करने वाले हैं।" अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा, "मातृत्व–पितृत्व वह सबसे बड़ी जिम्मेदारी है जो केवल आपके बच्चों के प्रति ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता के प्रति है। इसलिए कृपया अपने बच्चों पर दबाव न डालें। यह मत तय करें कि उनका जीवन का उद्देश्य क्या होगा। यदि आप तय करेंगे, तो वे सब केवल पैसे या सत्ता के पीछे दौड़ेंगे। फिर वैज्ञानिक कहां से आएंगे? खगोलशास्त्री कहां से आएंगे? वे लोग कहां से आएंगे जो पूरे विश्व की दिशा तय करते हैं?" भारत की हाल की यात्रा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, "इस सदी में हम केवल साक्षरता की बात नहीं कर रहे हैं। साक्षरता बहुत पहले भारत के लिए महत्वपूर्ण थी। भारत आज संभावनाओं वाला देश नहीं रहा। जैसे आपकी प्रतिभा को आपके शिक्षकगण आगे बढ़ा रहे हैं, वैसे ही भारत की संभावनाओं को प्रतिदिन व्यवहार में लाया जा रहा है। भारत एक उभरता हुआ राष्ट्र है। यह उभार निरंतर है। यह वृद्धि क्रमिक है। और यदि मैं पिछले दशक को देखूं, तो वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक प्रगति अभूतपूर्व रही है। अवसंरचना में अद्भुत वृद्धि हुई है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में हम सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। भारत के लिए पिछला दशक विकास का दशक रहा है, प्रगति का दशक रहा है, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक नई जगह बनाने का दशक रहा है।




## रामनगर क्षेत्रान्तर्गत भवन मानचित्रों की स्वीकृति के लिए 02 जून को कैम्प का आयोजन

**हल्द्वानी।** सचिव जिला विकासप्राधिकरण नैनीताल विजयनाथशुक्ल ने अवगत कराया कि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा नगर निगम, हल्द्वानी काठगोदाम एवं नगर पालिका परिषद्, रामनगर क्षेत्रान्तर्गत प्राप्त होने वाले भवन मानचित्रों की स्वीकृति हेतु दिनांक 02.07.2025 को पूर्वान्ह 11रू00 बजे से प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी में 01 दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्रस्तावित कैम्प में प्राप्त होने वाले भवन मानचित्रों का स्थल पर ही निस्तारण करते हुये मानचित्र स्वीकृति निर्गत की कार्यवाही की जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कैम्प में भवन मानचित्रों की स्वीकृति के समय विभिन्न विभागों के अनापत्ति की आवश्यकता होगी। ऐसे प्रकरणों (क्रिटीकल प्रकरणों को छोड़कर) को स्थल पर ही अनापत्ति निर्गत करते हुये मानचित्रों का निस्तारण किए जाने हेतुसंबंधित विभागों की उपस्थिति रहेगी।

## हल्द्वानी में अतिक्रमण को लेकर दिए नोटिस पर रोक लगाते हुए पूर्ण विचार किए जाने की मांग

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण को लेकर दिए जा रहे हैं नोटिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर नोटिस पर तत्काल रोक लगाते हुए सहानुभूति पूर्ण विचार किए जाने की मांग की है।

अजय भट्ट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उनको पत्र के माध्यम से मांग की है कि उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद नैनीताल के हल्द्वानी नगर के दमुवाढूंगा, सुभाष नगर, आवास विकास, भगवानपुर आदि क्षेत्रों में लगभग 40 से 50 सालों से निवास कर रहे अनेक परिवारों को अतिक्रमण सम्बन्धी नोटिस प्राप्त हुए हैं, जिससे उनमें भारी असमंजस और भय का वातावरण व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अधिकांश निवासी पर्वतीय जिलों जैसे–अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत एवं नैनीताल के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों से स्थानांतरित होकर आए हैं। इन नागरिकों ने अपने जीवन की सम्पूर्ण पूंजी लगाकर वैध रूप से भूमि क्रय कर रजिस्ट्री कराकर मकान निर्माण किया है तथा वर्षों से शान्ति व अनुशासन के साथ यहां निवास कर रहे हैं। इनमें कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सदस्य भारतीय सेना एवं अर्धसैनिक बलों में सेवारत् हैं या पूर्व में देश सेवा कर चुके हैं। ऐसे में उनके परिवारों को अचानक प्राप्त हुए अतिक्रमण नोटिस से वे अत्यन्त मानसिक तनाव एवं भय मे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने किया संगठन का विस्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने संगठन का विस्तार कर वैश्य समाज को संगठित करने का आह्वान किया है। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सिंघल एवं प्रदेश संयुक्त सचिव उपेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में स्थानीय श्री हरि होटल में वैश्य महासम्मेलन के नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी पंकज जिंदल को और नगराध्यक्ष शीतल सिंघल को बनाया गया।



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लच्छू गुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन का विस्तार कर वैश्य समाज को संगठित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज सेवा भाव में सदैव अग्रणी रहा है और समाज की रीति नीति हमेशा राष्ट्र सेवा भावना की रहती है। वैश्य समाज का व्यक्ति सदैव हर क्षेत्र में काम करने की विशेष क्षमता रखता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, अग्रवाल महासभा के जिलाध्यक्ष महेश मित्तल, ट्रस्ट महामंत्री सुरेश जैन, गौशाला महामंत्री राजेश जिंदल, रक्तदान समिति संरक्षक राजीव गुप्ता, मुकेश गर्ग, बिना साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष सोनू गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपेंद्र सिंघल, विनोद मित्तल, दयाराम जिंदल,विशाल मित्तल, सुनील गर्ग, भीमसेन गर्ग आयुष जिंदल, सुधीर मित्तल, संजय जिंदल आदि उपस्थित रहे।

# पीएचसी में पैथोलॉजी से संबंधित जांच निजी लैब में कराने का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क जांच नहीं कर निजी लैब से जांच कराने का आरोप लगाते हुए लैब टेक्नीशियन एवं चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भुवन पांडे के नेतृत्व में स्थानीय तहसील प्रांगण में पहुंचे दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन की प्रति तहसील के रजिस्ट्रार कानूनगो पंकज कुड़ाई को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआं में गरीब रोगियों की विभिन्न पैथोलॉजी जांच स्वास्थ्य केंद्र में तैनात लैब टेक्नीशियन के निजी लैब में डॉक्टरों की मिली भगत से कराई जा रही है, जिससे क्षेत्र वासियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि अन्य अस्पतालों में चिकित्सालयों में ही निशुल्क जांच कराई जा रही है, लेकिन लालकुआं पीएचसी में चिकित्सक निजी लैब से जांच करा कर लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने तत्काल लैब टेक्नीशियन और इसके लिए जिम्मेदार चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री से की है।



लालकुआं पीएचसी में अनियमितता को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते कांग्रेसी।

ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, राजेंद्र सिंह खनवाल, पूरन सिंह रजवार, खींमानंद दुम्का, शईद सिद्दीकी और कमलेश यादव सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल बने ल्वाणी गांव के मोहन सिंह बिष्ट

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कहते हैं कठिनाइयाँ यदि साहस के साथ स्वीकार की जाएँ तो वही रास्ता सफलता की ओर ले जाती हैं। ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है जनपद चमोली के विकासखंड देवाल अंतर्गत ग्राम ल्वाणी निवासी श्री मोहन सिंह बिष्ट ने, जिन्होंने कठिन हालातों के बावजूद हार नहीं मानी और मत्स्य पालन को स्वरोजगार का मजबूत साधन बनाकर आज न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि दर्जनों अन्य ग्रामीणों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं।



मोहन बिष्ट के बाल्यावस्था में ही पिता का देहांत हो गया था, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियाँ उनके कंधों पर आ गईं। जीवनयापन के लिए उन्हें दिल्ली और हरिद्वार में काम करना पड़ा। लेकिन आत्मनिर्भर बनने की ललक उन्हें वापस अपने गाँव खींच लाई। वहीं से शुरू हुआ उनका मछली पालन की ओर सफर, जिसे सरकारी योजनाओं ने एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (च्ड्डैल) के अंतर्गत तालाब निर्माण एवं ट्राउट मछली पालन का कार्य शुरू किया। मत्स्य विभाग से तकनीकी सहयोग, बीज, चारा, प्रशिक्षण और सब्सिडी के रूप में उन्हें निरंतर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। श्री बिष्ट ने न केवल स्वयं प्रशिक्षण लिया बल्कि महिलाओं और युवाओं को भी इससे जोड़ने का कार्य किया। आज उनके मार्गदर्शन में गाँव के दर्जनों परिवार मत्स्य पालन कर अपनी आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं। ल्वाणी गांव में ट्राउट हैचरी यूनिट स्थापित की गयीं हैं , जहाँ से उच्च गुणवत्ता की मछलियों की आपूर्ति जनपद के साथ–साथ अन्य जिलों में भी की जा रही है। उनके प्रयासों से ल्वाणी गांव अब मत्स्य पालन के क्षेत्र में मॉडल बनकर उभर रहा है। पर्यटन स्थलों से निकटता और मोटर मार्ग से जुड़े होने के कारण बाजार तक पहुँच आसान हुई है, जिससे लोगों को अतिरिक्त वार्षिक आय की संभावना भी बनी है। बिष्ट को मत्स्य विभाग द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका है और उनकी मत्स्य समिति को भी विभागीय योजनाओं से विशेष मान्यता मिली है। मोहन बिष्ट ने ग्रामीण युवाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग कर कोई भी व्यक्ति सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। मोहन सिंह बिष्ट का कहना है कि सरकारी योजनाएं तभी सफल होती हैं जब हम स्वयं प्रयास करें। मैंने इसे अवसर के रूप में लिया और अब यह न केवल मेरी, बल्कि गाँव की तस्वीर बदल रहा है। उनकी यह कहानी न केवल मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, बल्कि यह पलायन, बेरोजगारी और जल संरक्षण जैसी समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत करती है।

## दुष्कर्म के आरोपी को एसटीएफ ने दिल्ली से पकड़ा

**देहरादून।** एसटीएफ की टीम ने 50 हजार के इनामी दुष्कर्म के फरार आरोपी को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली के पास से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की टीम द्वारा आरोपी को थाना बैजनाथ, जनपद बागेश्वर में दाखिल किया गया और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है। आरोपी दो साल पहले दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद लगातार फरार चल रहा था। बता दें कि 08 फरवरी 2023 को थाना बैजनाथ, जनपद बागेश्वर में आरोपी निवासी जिला बागेश्वर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी घटना को अंजाम देने के दिन से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए जनपद पुलिस स्तर से काफी प्रयास किए गए थे। लेकिन हर बार यह आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था

अपराध की गंभीरता को देखते हुए आईजी स्तर से आरोपी की गिरफ्तारी पर 50,000 रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था।

## अभिनव थापर की जनहित याचिका पर कोर्ट सख्त, केंद्र सरकार को दिए निर्देश

**नैनीताल/देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** हाईकोर्ट नैनीताल में उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव थापर ने दून घाटी की अधिसूचना 1989 को केंद्र सरकार द्वारा निष्क्रिय करनें हेतु जो पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शासनादेश दि. 13 मई 2025 के विरोध में और दून घाटी को बचाने हेतु जनहित याचिका की सुनवाई हुई और माननीय उच्च न्यायालय ने याचिका में सख्त कार्यवाही करी और केंद्र सरकार को निर्देशित किया।

जैसा की विदित है की दून घाटी अधिसूचना 1989 में 01 फरवरी 1989 को दून घाटी क्षेत्र को पर्यावरण के विषय पर संवेदनशील होने के कारण सपउम`जवदम माइनिंग के सुधार हेतु सुप्रीम कोर्ट के 30 अगस्त 1988 के निर्देशानुसार दून घाटी अधिसूचना का प्रावधान किया गया था। जिससे देहरादून और उसके आसपास के क्षेत्र मसूरी, सहसपुर, डोईवाला, ऋषिकेश, विकासनगर, और इनके आस पास के इलाकों के पर्यावरण को बचाने के लिए किया गया है। किंतु राज्य सरकार के 4 जुलाई 2023 के प्रस्ताव पर पर्यावरण वन व जल वायु मंत्रालय द्वारा 21.12.2023 को दून घाटी अधिसूचना 1989 निष्क्रिय करने हेतु शासनादेश का प्रारूप और 13 मई 2025 को अंततः शासनादेश जारी किया गया जिस पर राज्य सरकार को दून घाटी में प्रतिबंधित भारी औद्योगिक गतिविधि को संचालित करने का अधिकार भी दिया गया जैसे स्लॉटर हाउस, क्रशर माइनिंग और की औद्योगिक गतिविधि हेतु।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया भगवान राम का राज्याभिषेक समारोह

**गौचर/चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगरपालिका क्षेत्र गौचर के अन्तर्गत रावलनगर गांव में भगवान श्री राम का राज्याभिषेक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान राम भक्तों ने राम, लक्ष्मण, सीता माता की उत्सव झांकी में भाग लेते हुए प्रभु श्री राम के भजन कीर्तन व जयघोष के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा।



समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल, विशिष्ट अतिथि आईटीबीपी गौचर के उप सेनानी जताती बहरा, प्राचार्य डायट आकाश सारस्वत, रेलवे प्रोजेक्ट में विलकॉन कम्पनी के मैनेजर योगेश्वर सिंह, एच. आर. मैनेजर राजेश राय, सहायक अध्यापिका राइका नगरासू श्रीमती शशि गुसाईं ने संयुक्त रूप से किया गया। आदर्श रामलीला मंडली रावलनगर की पिछले दस दिनों से चली आ रही 17 वीं रामलीला मंचन बीते रोज देर शाम को सुसम्पन हो गई। राजतिलक समारोह के इस मौके पर राम के पात्र में पवन बिष्ट, सीता माता के रूप में संदीप बिष्ट, लक्ष्मण के पात्र में स्वर्णिम नेगी, भरत के रूप में अभिनय करने वाली एक मात्र बालिका ठीका चौहान, शत्रुघ्न में ओम सती, विभीषण में मदन सिंह, हनुमान जी के पात्र में आदित्य नेगी की आरती उतारी गई। इस मौके पर आदर्श रामलीला मंडली रावलनगर के संरक्षक भागवत सिंह भंडारी, गजेन्द्र सिंह नेगी, अध्यक्ष भरत सिंह नेगी के अलावा मंडली के सुरेन्द्र सिंह मल्ल, गणेश शंकर चौधरी, आनन्द सिंह बिष्ट, भूपेन्द्र नेगी, सतीश नेगी, विपिन रावत, आदि सहित भारी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

## भारतीय संस्कृति शास्त्रीय नृत्य कथक को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से जोशीमठ में चल रही 15 दिवसीय कथक कार्यशाला हुई संपन्न

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पी एम श्री राजकीय बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज ज्योर्तिमठ चमोली उत्तराखंड में कथक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसे विद्यालय की प्रिंसिपल उर्मिला बहुगुणा जी ने आयोजित की थी।



जिसके लिए उन्होंने वृंदावन से पधारे प्रतिभावान प्रसिद्ध कथक नर्तक आशीष सिंह (नृत्य मंजरी दास) को आमंत्रित किया गया था ।आशीष पंडित बिरजू महाराज जी की शिष्या श्रीमती संगीता सिन्हा जी के शिष्य और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के (संगीत एवं मंच कला संकाय )के पूर्व छात्र है। आशीष सिंह मूलतः वाराणसी से हैं और वर्तमान में श्री वृन्दावन धाम में निवास करते हुए अपनी कथक नृत्य की साधना कर रहे हैं।

कथक कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिये काफी वर्षों से कार्य कर रहे हैं। अब तक हरदोई, पिहानी, पुणे महाराष्ट्र दिलदारनगर, नाशिक के साथ उत्तराखंड में अल्मोड़ा, देहरादून, हरिद्वार , नैनीताल, पिथौरागढ़, न्यू टिहरी, पौड़ी गढ़वाल के साथ साथ अब जनपद चमोली के ज्योतिर्मठ में भी कथक कार्यशाला ले रहे हैं। इस कथक कार्यशाला में विद्यार्थियों को कथक की प्राचीन परंपरा के अनुसार नृत्य सिखाया जा रहा। जिसमें, भूमि प्रणाम, तत्कार, नमस्कार का टुकड़ा, सादा टुकड़ा, तिहाई, गुरु वंदना, कृष्ण कवित्त आदि बंदिशे सिखाई जा रही है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति से अवगत कराना है। अपनी भारतीय परम्परा संस्कार को अपने जीवन में उतार कर जीवन को आगे बढ़ाना है ।जो हमारी देश की जरूरत है समय को देखते हुए बच्चों का अपनी संस्कृति के तरफ भी रुझान बढ़े और उनका भविष्य उज्ज्वल बनें।

28 June 2025_Copy of Layout 1 6/28/2025 2:01 PM Page 7



# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21वीं संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में देहरादून के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए) में प्रोजेक्ट एलीफेंट की 21 वीं संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक लेते केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव।

इस बैठक में हाथी क्षेत्र वाले राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों और प्रक्षेत्र विशेषज्ञों के साथ–साथ प्रमुख संरक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रोजेक्ट एलीफेंट की प्रगति की समीक्षा की और भारत में हाथी संरक्षण के लिए भावी परिदृश्य पर विचार–विमर्श किया। बैठक में मानव–हाथी संघर्ष पर ध्यान दिया गया, जो मानव सुरक्षा और हाथी संरक्षण के लिए निरंतर एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। चर्चाओं में मानव–हाथी संघर्ष के प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया गया। भूपेंद्र यादव ने वन्यजीव संरक्षण में स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से, उन क्षेत्रों में जो मानव–वन्यजीव संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित हैं, को सक्रिय भागीदार बनाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मानव–वन्यजीव संघर्ष का प्रभावी प्रबंधन वन्यजीव संरक्षण कार्यक्रमों की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। श्री यादव ने अग्रिम पंक्ति के वन कर्मचारियों और जमीनी स्तर के संरक्षण कार्यकर्ताओं की कार्य स्थितियों में सुधार और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने जागरूकता उत्पन्न करने के महत्व पर जोर देते हुए, मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए भारतीय रेलवे, विद्युत मंत्रालय, एनएचएआई और खदान डेवलपर्स के साथ समन्वित प्रयासों का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सलीम अली पक्षी विज्ञान और प्राकृतिक इतिहास केंद्र (एसएसीओएन), भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम), भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) और राज्य वन प्रशिक्षण संस्थानों जैसे संस्थानों को जागरूकता और लोक संपर्क कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। श्री यादव ने रेलवे दुर्घटनाओं के कारण हाथियों की मौतों पर डेटा के प्रणालीगत संग्रह और विश्लेषण की आवश्यकता तथा राज्यों, संस्थानों और विशेषज्ञों के बीच ज्ञान साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया ताकि इन क्षेत्रों में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को को बढ़ावा दिया जा सके। बैठक में प्रमुख पहलों पर अद्यतन जानकारी दी गई, जैसे कि दक्षिणी और पूर्वोत्तर भारत में मानव–हाथी संघर्ष पर क्षेत्रीय कार्य योजना तैयार करना, 3,452.4 किलोमीटर संवेदनशील रेलवे खंडों को कवर करने वाले सर्वेक्षणों को पूरा करना, जिसमें 77 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान की गईय और बंदी हाथियों की डीएनए प्रोफाइलिंग की प्रगति, जिसमें 22 राज्यों में 1,911 आनुवंशिक प्रोफाइल पूरे किए गए हैं।

## पांच आईएएस अधिकारियों के दायित्वों में फेरबदल

**देहरादून।** उत्तराखंड शासन में एक बार फिर से 5 अधिकारियों की जिम्मेदारियों में फेरबदल किया गया है। बीते दिनों 12 से ज्यादा आईएएस अधिकारी और पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए थे। अब शासन ने आईएएस रणवीर सिंह चौहान, आईएएस नितिका खंडेलवाल, आईएएस गौरव कुमार, आईएएस विशाल मिश्रा की जिम्मेदारियों में फेरबदल किया है. इसके साथ–साथ अपूर्वा पांडे को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। 2009 बैच के आईएस रणवीर सिंह चौहान के पास अभी तक सचिव गन्ना, चीनी, राज्य संपत्ति विभाग, परियोजना निदेशक नमामि गंगे, परियोजना निदेशक केएफडब्ल्यू और महानिदेशक कृषि एवं उद्यान विभाग की जिम्मेदारी थी। रणवीर सिंह से अब परियोजना निदेशक नमामि गंगे की जिम्मेदारी वापस ले ली गयी है।

2015 बैच की आईएएस नीतिका खंडेलवाल के पास अभी तक जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल, निदेशक पुनर्वास टिहरी बांध परियोजा की जिम्मेदारी थी।

# बजाज फिन्सर्व एएमसी ने लॉन्च किया स्मॉल कैप फंड, 11 जुलाई होगा बंद

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने गुणवत्ता, विकास और मूल्य की पेशकश करने वाले बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड, एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप स्टॉक में निवेश करता है, इसके शुरुआत की घोषणा की है। यह फंड सब्क्रिप्शन के लिए 27 जून 2025 से खुलकर 11 जुलाई 2025 को बंद होगा।

स्मॉल कैप में हाल ही में हुआ सुधार दीर्घावधि निवेशकों के लिए एक आकर्षक प्रवेश अवसर उपलब्ध कराता है। हालाँकि 80 प्रतिशत से अधिक स्मॉल–कैप कंपनियों ने 38 प्रतिशत की मजबूत लाभ वृद्धि और ठोस प्रतिफल अनुपात दर्ज किया है, लेकिन उनमें से अधिकांश अभी भी अपने 52–सप्ताह के उच्चतम स्तर से 15–45 प्रतिशत नीचे ट्रेड हो रहे हैं। इस हालिया बाजार सुधार ने इन कंपनियों के वास्तविक मूल्य और उनके मौजूदा बाजार मूल्यों के बीच एक स्पष्ट अंतर प्रस्तुत कर दिया है। मेक इन इंडिया अभियान, बढ़ते औपचारिकीकरण और विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल परिवर्तन जैसी संरचनात्मक अनुकूल परिस्थितियों के साथ, स्मॉल कैप अगले विकास चक्र में असमान रूप से लाभान्वित होने की अच्छी स्थिति में हैं, जो इन्हें एक आकर्षक निवेश अवसर बनाते हैं। बजाज फिन्सर्व स्मॉल कैप फंड उन निवेशकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो मुख्य रूप से स्मॉल कैप कंपनियों के इक्विटी और इक्विटी संबंधित साधनों में निवेश के माध्यम से दीर्घावधि संपत्ति बनाना चाहते हैं।

# मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से की शिष्टाचार भेंट

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को आर्मी हेलीपैड, हल्द्वानी में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की तथा उनकी कुशलक्षेम जानी। उपराष्ट्रपति धनखड़ अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड प्रवास के समापन के पश्चात दिल्ली प्रस्थान से पूर्व हल्द्वानी पहुंचे थे।



इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। हेलीपैड परिसर में सम्पन्न इस भेंटवार्ता के दौरान राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों एवं विभिन्न विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति के उत्तराखंड आगमन हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यात्रा से प्रदेश को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्राप्त हुई है। उपराष्ट्रपति ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सैन्य परंपरा एवं सतत विकास की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों के अंब्रेला ब्रांड "हाउस ऑफ हिमालयाज" के विविध उत्पाद भेंट स्वरूप प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि उपराष्ट्रपति का यह दौरा विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों से संबंधित रहा, जिसके माध्यम से उन्होंने प्रदेशवासियों से प्रत्यक्ष संवाद भी स्थापित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राज्यपाल गुरमीत सिंह ने संयुक्त रूप से जमरानी बांध परियोजना का हवाई सर्वेक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

# मशरूम उत्पादन से बदली तकदीर, अब हर महीने 18 हजार कमा रहीं माहेश्वरी देवी

**पौड़ी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गढ़वाल के खिर्सू ब्लॉक स्थित छोटे से गांव धरीगांव की माहेश्वरी देवी कभी रोजगार के अभाव में मजदूरी कर किसी तरह परिवार चला रही थी।



मशरूम उत्पादक माहेश्वरी देवी।

सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। ग्रामोत्थान परियोजना से जुड़कर और मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेकर उन्होंने न सिर्फ खुद को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिये भी प्रेरणा बन गयी। आज वह हर महीने 18 हजार रुपये तक की आमदनी कर रही हैं और स्वरोजगार की मिसाल बन चुकी हैं। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी माहेश्वरी देवी को ग्राम पंचायत धरीगांव में ग्रामोत्थान और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से 10 दिवसीय ढींगरी मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र, जाखधार (गुप्तकाशी) में भी तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने मशरूम उत्पादन को ही अपना व्यवसाय बनाने का निश्चय किया। ग्रामोत्थान परियोजना के तहत चयन प्रक्रिया के बाद माहेश्वरी देवी के लिये 2.59 लाख रुपये का बिजनेस प्लान तैयार किया गया। जिसमें से 1 लाख रुपये का बैंक लोन, 75 हजार रुपये परियोजना से सहयोग और 84,514 रुपये उनकी स्वयं की भागीदारी रही। माहेश्वरी देवी ने मशरूम उत्पादन की शुरुआत 130 बैग से की। पहले ही महीने में 220 किलो मशरूम तैयार हुआ।

जिसे उन्होंने 200 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बेचकर कुल 44 हजार रुपये की आमदनी की। इस उत्पादन से उन्हें करीब 30 हजार रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। अब नियमित रूप से मशरूम उत्पादन कर रही माहेश्वरी देवी को हर महीने औसतन 18 हजार रुपये की आमदनी हो रही है। माहेश्वरी बताती हैं कि ग्रामोत्थान परियोजना के आने से समूह की महिलाओं में जागरुकता और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ी है। वह अब अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी स्वरोजगार की राह पर चलने को प्रेरित कर रही हैं। माहेश्वरी देवी ने परियोजना से मिले सहयोग, तकनीकी जानकारी और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना गांव की महिलाओं के लिए एक नई रोशनी लेकर आई है। वह चाहती हैं कि ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण इसका लाभ उठाकर अपने पैरों पर खड़े हों।

28 June 2025_Copy of Layout 1 6/28/2025 2:01 PM Page 8



# 30 सितम्बर तक छात्रों के खाते में भेजें धनराशिः शिक्षा मंत्री


शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत बैठक लेते हुए।

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को स्कूल ड्रेस, बैग और जूते की खरीद के लिये पैसों का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार छात्रों के खातों में 30 सितम्बर तक डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज देगी। इसके लिये विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा विद्यालयों में पुस्तकों की खरीद के लिये समिति गठित की जायेगी, जो छात्र–छात्राओं की आवश्यकतानुरूप प्रतियोगी व अन्य पुस्तकों की खरीद का प्रस्ताव विभाग को भेजेगी।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विद्यालयी शिक्षा महानिदेशालय स्थित समग्र शिक्षा सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को स्कूली ड्रेस, बैग और जूतों के लिये मिलने वाली धनराशि समय पर उपलब्ध न कराये जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आगामी 30 सितम्बर तक डीबीटी के माध्यम से यह धनराशि सीधे छात्र–छात्राओं के खाते में भेजने के निर्देश दिये। ताकि बच्चों को समय पर स्कूल यूनीफार्म, बैग और जूते मिल सके। डॉ. रावत ने इस बात पर नाराजगी जताई कि कतिपय विद्यालयों में पुस्तक खरीद के नाम पर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा छात्र–छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। जिसमें प्रधानाचार्य, सेवानिवृत्त शिक्षक, ग्राम प्रधान और अभिभावक संघ के अध्यक्ष रहेंगे, जो छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप पुस्तकों का चयन कर सूची विभाग को सौंपेंगे। बैठक में विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने समग्र शिक्षा परियोजना की वित्तीय प्रगति रिपोर्ट तलब की। इस दौरान उन्होंने परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत बजट को समय पर व्यय करने, पीएम–श्री विद्यालयों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने, कलस्टर विद्यालयों, आईसीटी लैब व वर्चुअल लैब की शीघ्र स्थापना करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नये पीएम–विद्यालयों की स्वीकृति के लिये भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसके क्रम में भारत सरकार ने 15 विद्यालयों को स्वीकृति दे दी है, शीघ्र ही इन विद्यालयों में मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य किया जायेगा। इसके अलावा प्रदेश में डिजिटल एजुकेशन को प्रभावी बनाने के दृष्टिगत 800 विद्यालयों में हाईब्रिड मोड़ में (वर्चुअल एवं स्मार्ट क्लास) कक्षाएं स्थापित कर दी गई हैं जबकि 40 विद्यालयों में स्थापना कार्य अपने अंतिम चरण में है।

## आबकारी विभाग ने कच्ची शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

**देहरादून।** आबकारी विभाग ने गुरूवार की सुबह 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार आज सुबह एक सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा मनसा देवी फाटक के समीप तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आबकारी टीम को एक संदिग्ध स्कूटी आती दिखायी दी। टीम ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो स्कूटी सवार स्कूटी छोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान स्कूटी में रखे दो काले बैगों और डिग्गी से कुल 40 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। प्रत्येक पाउच में करीब डेढ़ लीटर अवैध शराब भरी हुई थी।

## नगर पालिका गोपेश्वर ने नगर क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण प्रणाली का निरीक्षण किया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर पालिका परिषद गोपेश्वर, चमोली द्वारा नगर क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण प्रणाली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 3 कुंड में यह पाया गया कि स्थानीय निवासी गीले व सूखे कूड़े को अलग–अलग कर प्रदान कर रहे हैं जो एक सराहनीय प्रयास है।

वहीं गोपेश्वर गांव के वार्ड संख्या 2 एवं अपर बाजार वार्ड संख्या 4 में कुछ स्थानों पर लोगों द्वारा कूड़े का पृथक्करण सही तरीके से किया जा रहा है, जबकि कुछ स्थानों पर गीला व सूखा कूड़ा मिक्स किया जा रहा है। इस पर पालिका टीम द्वारा नागरिकों को जागरूक करते हुए समझाया गया कि गीले कूड़ा में सब्जियों एवं फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन, पत्तियाँ और सूखे कूड़ा में प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड, बोतलें, रैपर आदि रखें। सभी नागरिकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे घरों में गीले व सूखे कूड़े के लिए अलग–अलग डस्टबिन रखें तथा खुले में कूड़ा फेंकने से बचें, अन्यथा ₹200 से ₹5000 तक का चालान किया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान दो व्यक्तियों को खुले में कूड़ा फेंकते हुए पाया गया, जिनके विरुद्ध नगर पालिका द्वारा तत्काल चालान की कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करती है कि वे स्वच्छता अभियान में भागीदार बनें और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखें।

## श्रद्धालुओं पर धारदार हथियार से हमला करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चमोली।** पवित्र तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब में श्रद्धालुओं के बीच हुई अप्रिय घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पहला मामला बलवंत सिंह पुत्र सिंगार सिंह, निवासी जिला फिरोजपुर, पंजाब द्वारा गोविंदघाट थाने में दर्ज कराया गया। बलवंत सिंह ने अपनी तहरीर में बताया कि जंगा सिंह पुत्र दर्शन सिंह, निवासी फतेहगढ़ साहिब, पंजाब ने श्री हेमकुंड साहिब में उनके साथ मारपीट की, गाली–गलौज की और जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से उन पर हमला किया। इस तहरीर के आधार पर गोविंदघाट थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## न्यूज डायरी

### बाल कल्याण समिति ने सिंहनीवाला स्थित होप संस्था का निरीक्षण किया



**देहरादून।** बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष नमिता ममगाई ने बताया की आज समिति की सदस्य नीता कांडपाल एवं नवीन भारतीय त्रिपाठी के साथ संस्था का निरीक्षण किया गया।बाल कल्याण समिति समय समय पर देहरादून जिले में स्थित बाल कल्याण संस्थाओं का निरीक्षण करती है जिसमे संस्था में निवासरत बालक बालिकाओं की शिक्षा स्वास्थ एवं बच्चों के सर्वोत्तम हित में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली जाती है। अग्नेश कुंजे सोसायटी के अंतर्गत संचालित होप संस्था में वर्तमान में 39 बालिकाएं रह रही है जिनमे से कुछ बालिकाएं अनाथ भी है। होप संस्था की मैनेजर शोभा भट्ट ने बताया कि संस्था में पांच साल की 1 बालिका छह से दस साल की 13 बालिकाएं वहीं एक से चौदह साल की 8 बालिकाएं,पंद्रह से अठारह साल की 15 बालिकाएं एवहीं आफ्टर केयर में 18 से बड़ी उम्र की दो युवतियां निवासरत है। होम की डोम पेरेंट्स सीनियर गर्ल नीलम सिंह ने बताया कि संस्था की कर्नल स्कूल,राजीव स्कूल, बोक्सा स्कूल एवं राजकीय इंटर कॉलेज शीशमबाडा में पढ़ाई कर रही है वहीं उनकी संस्था की अधिकतर बालिकाएं नर्सिंग कोर्स कर रही है कुछ बालिकाएं बीएड डिग्री के साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत है और अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

# गहरी खाई में कार गिरने से तीन की मौत, एक गंभीर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकासनगर–कालसी चकराता मोटर मार्ग पर एक कार गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने खाई से शवों को बमुश्किल खाई से बाहर निकाला और घायल को रेस्क्यू कर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


एसडीआरएफ की टीम।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह जिले के कालसी चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड के पास कार अनियंत्रित होकर करीब पांच सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। बताया जा रहा कि कार में चार लोग सवार थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शवों को बमुश्किल खाई से बाहर निकाला और घायल को रेस्क्यू कर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि देर रात को विकासनगर से चकराता की ओर जा रही एक अल्टो कार हादसे का शिकार हो गई।

## पेज 01 का शेष...

### जमरानी और सौंग बांध परियोजना के कार्यों में तेजी लाने के सीएम ने दिए निर्देश

इसके अलावा 85 किमी. जल वितरण प्रणाली एवं 150 एम.एल.डी. जल शोधन संयंत्र का निर्माण भी इस परियोजना के तहत किया जाना है। इससे भविष्य में देहरादून शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों की वर्ष 2053 तक अनुमानित लगभग 10. 65 लाख की जनसंख्या के लिए 150 एम.एल.डी. ग्रेविटी से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी। इस बांध निर्माण से बनने वाली 3.5 किमी. लम्बी झील को एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव एस.एन.पाण्डेय, युगल किशोर पंत, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमन एवं अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19